दैनिक जागरण 30/07/2025

दैनिक खाद्य पदार्थों में मिलावट पर जागरूकता आज के समय की आवश्यकता : रोहित दत्त

जीएमएन कालेज में कार्यशाला के दौरान शामिल प्रतिभागी व विषय विशेषज्ञ। • विज्ञप्ति

अंबाला • (विज्ञप्ति) : आर्गेनाइजेशन फार सोशल एंड कल्चरल अवेयरनेस (ओस्का) एवं इद्रीश फाउंडेशन द्वारा संचालित समर इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत दैनिक खाद्य पदार्थों में खाद्य मिलावट के प्रति जागरूकता विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के अवसर पर जीएमएन कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा, दैनिक खाद्य पदार्थों में मिलावट एक गंभीर समस्या है, जो हमारे स्वास्थ्य को सीधे प्रभावित करती है। ऐसे में छात्रों को इस विषय पर जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है।

ओस्का और इद्रीश फाउंडेशन की इस पहल की प्रशंसा की और कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। कार्यशाला में संसाधन व्यक्ति के रूप में डा. नेहा अग्रवाल सहायक प्रोफेसर रसायन विभाग ने शिरकत की। उन्होंने खाद्य पदार्थों में मिलावट की विभिन्न तकनीकों, सामान्य पहचान विधियों और इससे होने वाले स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी।